परिवहन विभाग,
राज्य परिवहन प्राधिकार, राजस्थान
परिवहन भवन, जयपुर।

क्रमांकः– एफ 9 (71)परि/आरटीए (आर)/एसटीए/मु./2015/19527 जयपुर, दिनांकः 09/10/15

संशोधित विज्ञप्ति

विभाग द्वारा राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या प 9 (671) परि/आरटीए/मु. /2001/17226, दिनांक 02.09.2015 के द्वारा निर्धारित मार्गो में से 30 मार्गो हेतु दिनांक 08.09.2015 को तत्पश्चात् 16 मार्गो हेतु दिनांक 24.09.2015 को आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। इनके आवेदन की अंतिम दिनांक 15.10.2015 निर्धारित की गयी थी।

इसी प्रकार राज्य सरकार की उक्त अधिसूचना के शेष 430 मार्गो पर दिनांक 1. 10.2015 से आवेदन आमंत्रित किया जाकर अंतिम दिनांक 31.10.2015 निश्चित की गयी थी।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अब जनहित एवं अन्य प्रशासनिक कारणों से इस अधिसूचना के समस्त 476 मार्गो पर आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.11.2015 निर्धारित की जाती है।

उक्त मार्गो एवं स्कोप का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.transport.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में प्रस्तावित मार्ग अथवा मार्गो की समस्त दूरी का सबसे अधिक भाग जिस प्रादेशिक परिवहन अधिकारी के क्षेत्र में पडता है, वहीं पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जावें।

सुनवायी की तिथि से पृथक से सूचित कर दिया जायेगा।

(जगदीश प्रसाद बैरवा)
अतिरिक्त सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार,
एवं परिवहन उपायुक्त (मु.), जयपुर।